तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 13 जून 2025



12 पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण...



12 मांगों को लेकर कर्मचारी 18 को करेंगे प्रदर्शन




## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ तस्करी के आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी की घटना में संलिप्त दो आरोपितो को मादक पदार्थ चरस सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित सोमबीर निवासी बिहौली वु सुनील निवासी करहंस पानीपत का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को जेल व दूसरे को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। सहायक उप निरीक्षक सुरेश की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जीटी रोड गन्नौर फ्लाईओवर के पास से दो संदिग्धों को काबू किया।

### घर के अंदर स्टोर से इनवर्टर बैटरी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के धतुरी में घर के अंदर से स्टोर से बैटरी व इनवर्टर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव धतुरी निवासी सतपाल ने बताया कि वह गांव में परचून की दुकान चलाता है। गत दस जून को वह अपनी दुकान पर था। वह अपने मामा के घर दिल्ली बुराड़ी गया था। करीब नौ बजे आकर देखा की घर के अंदर स्टोर में रखा इनवर्टर, दो बैटरी गायब मिले। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

### किसान के खेत से सोलर सिस्टम चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव मेहंदीपुर में किसान के खेत से सोलर सिस्टम चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मेहंदीपुर निवासी प्रवीन ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर सिस्टम लगा रखा है। वह अपने खेत में गया तो सोलर सिस्टम गायब मिला। अपने स्तर पर सिस्टम की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

### मुरथल से मेहंदीपुर रास्ते पर पकड़ी रेत भरी ट्रैक्टर-ट्राली

**सोनीपत।** खनन विभाग की टीम ने मुरथल से मेहंदीपुर जाने वाले रास्ते पर रैड करके अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा। ट्रैक्टर-ट्राली को पुलिस द्वारा थाना मुरथल में जब्त कर दिया गया। खनन अधिकारी ने बताया कि खनन विभाग की टीम राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों और अन्य प्रमुख मार्गों पर सक्रिय रूप से तैनात है। उन्होंने कहा कि जिला में जहां-जहां अवैध खनन की अधिक संभावना है। वहां पर विशेष चौकसी बरती जा रही है।

फोटो 12 एसएनपी 9. पकड़ा गया रेत से भरा ट्रैक्टर ट्राली।

## तापमान 45 डिग्री पर, आसमान से बरस रही आग

# आज ऑरेंज अलर्ट, कल येलो

### 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है लू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत जिले में भीषण गर्मी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। वीरवार को अधिकतम तापमान 45.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही निकली धूप और दोपहर में 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। मौसम विभाग ने 13 जून के लिए ऑरेंज अलर्ट और 14 जून के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। लगातार बढ़ती गर्मी और लू (हीट वेव) के मद्देनजर उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि लू से बचाव इलाज से बेहतर है। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर लू से ग्रस्त रोगियों के उपचार की पूरी तैयारी रखें। ओआरएस, आईवी फ्लूइड और कूलिंग उपकरण उपलब्ध हों तथा आशा वर्कर व एएनएम के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। वहीं, पीडब्ल्यूडी विभाग को सड़कों पर पानी के छिड़काव, जल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकर द्वारा आपूर्ति और सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल स्टॉल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए छाया, ओआरएस और ठंडे पानी की व्यवस्था जरूरी बताई गई है।

## रिकॉर्ड : एक दिन में हुई 1.57 करोड़ यूनिट बिजली की खपत

- बढ़ती गर्मी में बढ़ रही है बिजली की खपत, 11 दिनों में बिजली की खपत 45 लाख यूनिट बढ़ी
- इस सीजन में एक दिन में सबसे अधिक बिजली यूनिट की खपत हुई थी 11 जून को

**सोनीपत।** एक ओर तो गर्मी ने लोगों की जान आफत में डाल रखी है, दूसरी ओर बिजली कटों से जीना मुहाल है। गर्मी के इस रिकॉर्डतोड़ मौसम में एक दिन पहले यानि बुधवार को 11 जून के दिन जिले में रिकॉर्ड 1.57 करोड़ यूनिट बिजली की खतप हुई है। सिर्फ 11 दिनों में ही बिजली की खपत 45 लाख यूनिट बढ़ चुकी है। इससे पहले मई माह में लगातार दो दिनों में हर दिन में 1.50 करोड़ यूनिट खर्च हुई थी। लेकिन 11 जून को रिकॉर्डतोड़ बिजली यूनिट की खपत हुई है। इतनी भारी संख्या में बिजली खपत बढ़ने के बाद लाइन लॉस भी बढ़ा है। जिसके कारण बिजली के अघोषित कट की संख्या भी बढ़ गई है और लगातार कट लगने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उमस भरी गर्मी से पसीना नहीं सूख रहा है। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात ज्यादा खराब हो रहे हैं। अधिकारियों की ओर से निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा किया जा रहा था, लेकिन हकीकत कोसों दूर है। सोनीपत, खरखौदा, गोहाना, राई व गन्नौर समेत ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के लंबे-लंबे कट लग रहे हैं। जिस हिसाब से गर्मी बढ़ रही है, उसके चलते बिजली की खपत भी एकाएक बढ़ गई है। जिससे औद्योगिक क्षेत्र कुंडली, राई, बड़ी व सोनीपत में उत्पादन पर भी असर पड़ने लगा है। बिजली के अघोषित कट बढ़ने के कारण लोड भी ज्यादा बढ़ गया है।

### सेक्टर-15 बिजलीघर में फाल्ट, तीन घंटे गुल रही बिजली

*बुधवार रात 12:30 बजे सेक्टर-15 बिजलीघर में फाल्ट आने के कारण अचानक एक फेज का तार टूट गया। दो फेज में बिजली आपूर्ति होने पर घरों में वोल्टेज कम आई। जिससे सेक्टर-15, 14, 12, आदर्श नगर, गांधी चौक क्षेत्र बिजली खराब होने की वजह से लोग परेशान रहे। तड़के 3:30 बजे बिजली बहाल हो सकी। गर्मी में ओवरलोडिंग की समस्या से बिजली के अघोषित कट लग रहे हैं। अघोषित कट की संख्या अधिक होने से बिजली घरों पर भी लोड बढ़ रहा है। लाइन लॉस अधिक होने की आशंका भी बढ़ी है।*

### 11 दिन में जले 161 ट्रांसफार्मर

*गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई परेशानी न हो, इसलिए मरम्मत का कार्य भी जारी है। 11 दिन में अब तक 161 ट्रांसफार्मर जल चुके हैं। वहीं, 400 से ज्यादा ट्रांसफार्मर की मरम्मत की जा चुकी है। बिजली निगम के शिकायत केंद्र में ओवरलोडिंग के चलते वीरवार दोपहर तक 2000 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें फ्यूज उड़ने, तार टूटने की शिकायतें ज्यादा रही। विभिन्न इलाकों में ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने से बिजली के कट लग रहे है।*

### गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत में इजाफा

*कई क्षेत्रों में ओवरलोड की समस्या बन जाती है, जिसके कारण अघोषित कट लग रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत में इजाफा हो रहा है। 11 जून को सीजन में पहली बार रिकॉर्ड 1.57 करोड़ यूनिट बिजली की खपत दर्ज की गई है।*

*-गीतूराम तंवर, अधीक्षण अभियंता, बिजली निगम*

### उद्योगों को चेताया गया

उपायुक्त ने उद्योगपतियों से अपील की गई है कि वे अपने कर्मचारियों के लिए पेयजल और गर्मी से बचाव के समुचित इंतजाम करें। साथ ही औद्योगिक कचरा खुले में न फेंकें, जिससे आग लगने और तापमान बढ़ने की संभावना रहती है। उद्योग परिसरों में फायर सेफ्टी ड्रिल और बिजली उपकरणों की समय-समय पर जांच के निर्देश भी दिए गए हैं।

### हीटवेव से बचाव के उपाय

- दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें
- अधिक मात्रा में पानी पिएं, शरीर को हाइड्रेट रखें
- हल्के रंग के, ढीले व सूती कपड़े पहनें
- धूप में छाता, टोपी या गमछा जरूर प्रयोग करें
- छोटे बच्चों और बुजुर्गों को घर के भीतर ही रखें
- स्वास्थ्य और पीडब्ल्यूडी विभाग को दिए निर्देश




सोनीपत। मिड डे मिल वर्कर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## मिड डे मील और हेल्पर ने की बैठक, 27 को सौंपेंगे ज्ञापन

- अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मिड डे मील वर्कर हेल्पर कुक यूनियन और हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की बैठक एचएसवीपी परिसर, सेक्टर 15 में हुई। बैठक की अध्यक्षता मीना सैनी ने की और संचालन मीना मलिक ने किया। निर्णय लिया गया कि 27 जून को डीसी कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मुख्य मांगें सरकारी कर्मचारी का दर्जा, 26,000 मासिक वेतन, केंद्र सरकार के हिस्से का समय पर भुगतान, अन्य कार्यों से मुक्ति, नियमित वेतन व छुट्टियां और 12 माह का मेहनताना हैं। सभा को आरके नागर सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। सभी कार्यकर्ताओं ने संत कबीर दास की जयंती भी मनाई और उनके उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर मीना मलिक, पूनम रोहिला, सीमा रानी, गीता देवी, पिंकी, सुनीता, कमलेश, रेनू, सुमन, सुरेश रोहिला, टीनू मदान, समेश कुमार, महावीर नागर, ध्रुव कुमार, सुरेंद्र रंगा, जोगेंद्र सिंह, महेंद्र शर्मा, अश्वनी शर्मा, ओम प्रकाश, अरुण, समे सिंह, शुभम, सुनील कुमार, बंसी लाल, बलजीत, महेन्द्र सिंह, जगबीर, शमशेर, राकेश कुमार, राहुल, योग प्रकाश नागर, विनोद कुमार आदि ने हिस्सा लिया।*

## बेगा रोड व जीटी रोड पर अवैध कालोनियों पर टाउन प्लानिंग विभाग ने थमाए नोटिस

**गन्नौर।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने बेगा रोड व जीटी रोड पर अवैध तरीके से काटी जा रही कालोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। विभाग ने अवैध कालोनी विकसित कर रहे कालोनाइजरों को नोटिस जारी किए हैं। बेगा रोड पर करीब 17 एकड़ भूमि पर काटी जा रही एक बड़ी कालोनी के मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, उक्त कालोनी पर कुछ दिन पहले भी विभाग ने कार्रवाई की थी, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया था। विभाग की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए कालोनाइजरों ने दोबारा प्लाट काटने व निर्माण गतिविधियां शुरू कर दी थीं।

## सफाई कर्मियों के प्रति संवेदना रखते हुए उन्हें सभी सुविधाएं दें: उपायुक्त

- सीवरेज व सेफ्टी टैंक की सफाई के लिए मशीनों का ही करें प्रयोग

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि सीवर व सेफ्टी टैंक मृत्यु का डाटा नमस्ते ऐप पर अपडेट करने व सफाई कर्मचारियों के प्रति संवेदना रखते हुए उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्रदान करें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवरेज की सफाई के लिए मशीनों का ही प्रयोग करें। बिना सेफ्टी किट के सफाई कर्मचारियों से सीवरेज की सफाई करवाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीवर सफाई के दौरान मृत्यु पर आश्रितों को तीस लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, इसलिए अधिकारी ऐसे केसों में पीड़ित आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान करवाने के लिए बेहतर प्रयास करें। इसके साथ ही सभी सफाई कर्मचारियों की वर्ष में दो बार स्वास्थ्य जांच करवाना सुनिश्चित करें।

## कार चालक से दो महिलाओं ने मांगी लिफ्ट, दस लाख की राशि लेकर फरार

- लिफ्ट लेने के बाद किराये के लिए फ्लैट देखने का बहाना बनाया
- पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को दी शिकायत, विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल थाना क्षेत्र में शाहपुर-जीटी रोड सड़क मार्ग पर जा रहे थार कार चालक से दो महिलाओं ने लिफ्ट मांगी। उसके बाद चालक के साथ बातचीत के क्रम में उसके बारे में जानकारी जुटाई।

जिसके बाद वहां फ्लैट किराये पर लेने की इच्छा जताई। युवक उनको फ्लैट पर ले गया तो महिलाएं उसे फ्लैट के अंदर बंद कर थार गाड़ी में रखा बैग लेकर फरार हो गई। बैग में पीड़ित ने दस लाख रुपये की राशि होने की बात कही है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव नांगल खुर्द निवासी आशीष ने बताया कि वह दस जून को अपनी थार गाड़ी में सवार होकर गढ़ शाहपुर रोड से जीटी रोड की ओर आ रहा था। जब अर्धनारीश्वर मंदिर के पास पहुंचे तो वहां खड़ी दो महिलाओं ने लिफ्ट मांगी। उसने महिलाओं को गाड़ी में बैठा लिया। बातचीत के दौरान उसने बताया कि वह दोस्त के फ्लैट पर रहता है। जिसके बाद महिलाओं ने फ्लैट किराये पर लेने की इच्छा जताई। जिसके बाद वह अपने दोस्त का फ्लैट दिखाने के लिए ले गया। वहां पहुंचने पर एक महिला बाहर खड़ी रही, जबकि दूसरी अंदर गई। कुछ देर बाद मोबाइल लेने के बहाने दूसरी महिला ने गाड़ी की चाबी मांगी। फिर दोनों महिलाएं उसे फ्लैट में बंद कर फरार हो गईं। कुछ देर बाद वह पड़ोसी की मदद से फ्लैट से निकला और नीचे पहुंचा तो थार गाड़ी खुली मिली। उसमें रखा 10 लाख रुपये का बैग गायब था। मौके पर मौजूद एक महिला ने बताया कि दोनों महिलाएं तेजी से एग्जिट गेट की तरफ भागी थी।

मामले की शिकायत डायल-112 को दी। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में आरोपित महिलाओं की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत पर महिलाओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई तेजप्रकाश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। महिलाओं की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितो को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## बिधलान के तीन घरों में मिला डेंगू का लार्वा

- डिप्टी सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। डेंगू लार्वा की जांच करते डॉ आशा सहरावत।

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ आशा सहरावत के नेतृत्व में डीएमओ टीम के साथ वीरवार को बिधलान की पीएचसी का दौरा किया। साथ ही कई घरों का निरीक्षण किया कि कहीं मलेरिया व डेंगू का लार्वा तो नहीं पनप रहा। इस दौरान 15 घरों की जांच करने पर तीन घरों में डेंगू के लार्वा मिले। उन्होंने घर घर जाकर महिलाओं से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी द्वारा नियमित जांच के बारे में पूछा तो महिलाओं ने कहा कि कर्मचारी कभी-कभी आते है। वहां पर कई स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी पर नहीं मिले।

डिप्टी सिविल सर्जन ने जब खरखौदा के सरकारी अस्पताल में दौरा किया, तो यहां भी कई सरकारी कर्मचारी ड्यूटी से नदारद मिले। यहां तक कि उन्हें हाजिरी रजिस्टर दिखाने से मना कर दिया गया। इसके अलावा बायोमैट्रिक अटेंडेंस भी सहजता से नहीं दिखाई गई। काफी कोशिश किए जाने के बाद बायोमैट्रिक अटेंडेंस की कॉपी निकालकर दी गई। जिसमें कई कर्मचारी अटेंडेंस लगाने के बाद एक-दो घंटे बाद खिसक गए थे। कई कर्मचारी तो अटेंडेंस के हिसाब से पूरे महीने एब्सेंट पाए गए। इसके बावजूद उन्हें पूरा वेतन दिया जा रहा है। जबकि बायोमेट्रिक हाजिरी की दृष्टि से वे पूरे वेतन के हकदार नहीं हैं। विधायक पवन खरखौदा ने हाल ही में सरकारी अस्पताल का दौरा किया था, तब भी उन्हें हाजिरी रजिस्टर नहीं मिला था। इस तरह से खरखौदा की सरकारी अस्पताल में कर्मचारियों की मनमानी निरंतर बढ़ रही है और लोगों को इलाज पाने में असुविधा हो रही है। उप सिविल सर्जन डॉ आशा सहरावत का कहना है कि बिधलान और खरखौदा दोनों ही अस्पतालों से कई स्वास्थ्य कर्मचारी नदारद मिले। इस बारे में सिविल सर्जन को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

## हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य ने किया गन्नौर थाना व सीएचसी का निरीक्षण

- बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी गन्नौर सीएचसी का निरीक्षण करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी पुलिस स्टेशन का दौरा करते हुए।

हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने बृहस्पतिवार को गन्नौर थाना का दौरा किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी जसपाल सिंह को निर्देश दिए गए की एक सप्ताह के अंदर थाने में चाइल्ड फ्रेंडली कक्ष बनवाया जाए तथा बच्चों से संबंधित मामलों को जिला बाल संरक्षण कार्यालय व बाल कल्याण समिति को तुरंत रिपोर्ट किया जाए। इसके अतिरिक्त बाल विवाह से संबंधित केस को बाल विवाह निषेध अधिकारी को भेजना सुनिश्चित किया जाए। जिसके पश्चात थाना प्रभारी के द्वारा आश्वासन दिया गया कि वे एक सप्ताह के अंदर चाइल्ड फ्रेंडली कक्षा बनवा कर रिपोर्ट भेजेंगे। इसके बाद आयोग के द्वारा सीएचसी गन्नौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल के प्रसुती विभाग में लगा एसी खराब था तथा कूलर की भी व्यवस्था नहीं थी। अस्पताल के रिसेप्शन पर कर्मचारी उपस्थित नहीं था।

## 37 गांवों में जल्द शुरू होगा गैस कनेक्शन का काम

# गैस पाइपलाइन कार्यों में लापरवाही पर चेतावनी

- पाइपलाइन बिछाने के बाद यदि सड़कों की मरम्मत नहीं की गई तो गैस कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। नगर निगम कार्यालय में गेल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मेयर, अधिकारी एवं अन्य।

नगर निगम कार्यालय में बुधवार को गेल गैस अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मेयर राजीव जैन ने गैस पाइपलाइन बिछाने के कार्यों में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि पाइपलाइन बिछाने के बाद यदि सड़कों की मरम्मत नहीं की गई तो गैस कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिना अनुमति गैस लाइन बिछाना पूरी तरह गैरकानूनी है। बैठक में मौजूद सभी पार्षदों ने एक स्वर में शिकायत की कि कंपनी के कर्मचारी गड्ढे तो खोद देते हैं, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं करते, उल्टा मलबा भी सड़क पर ही छोड़ जाते हैं जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने बताया कि नगर निगम अधिकारियों की एक विशेष टीम बनाई जाएगी जो पाइपलाइन कार्य के बाद मरम्मत की स्थिति की निगरानी करेगी। बैठक में संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ भी मौजूद रहीं। गेल गैस के एरिया मैनेजर अभिषेक वशिष्ठ ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही नहीं होगी और उन्होंने अपने कर्मचारियों को इस संबंध में सख्त निर्देश देने की बात भी कही। उन्होंने जानकारी दी कि शहरी क्षेत्र की लगभग 95% गलियों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है और अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी काम शुरू किया जाएगा।


### इन इलाकों को मिलेगी सुविधा

*नगर निगम क्षेत्र के लिबासपुर, जाट जोशी, देवड़ू, शाहपुर, रेवली, जगदीशपुर, श्यामाबाद, लिवान, राई, जटवाड़ा, लहराडा, कालूपूर, अहमदपुर समेत 37 गांवों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा, जिससे करीब 15,000 से अधिक उपभोक्ताओं को घरेलू गैस कनेक्शन की सुविधा मिलेगी।*

### सीईटी मामले में विधायक पवन ने की मुख्यमंत्री से बात

**खरखौदा।** हरियाणा में इन दिनों सीईटी कॉमन इलिजिब्लिटी टेस्ट के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। लेकिन शर्तों के अनुसार जाति प्रमाण पत्र अप्रैल 2025 से अब तक बना हुआ होना चाहिए। पीपीपी आईडी के माध्यम से ये प्रमाण पत्र सरल पोर्टल के माध्यम से बन रहे हैं। इस वैबसाइट पर अधिक लोड होने के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। जिससे लाखों युवा फार्म अप्लाई करने से वंचित हो रहे हैं। कुछ युवाओं ने एससी बीसी कास्ट होते हुए भी उन्होंने मजबूरन जनरल कैटेगरी में अप्लाई कर दिया है। 12 जून की अंतिम तिथि है, लेकिन हजारों युवाओं के अभी तक जाति प्रमाण पत्र नहीं बने हैं। ऐसे में हजारों युवाओं का भविष्य अधर में है और वे आवेदन तिथि बढ़ते का इंतजार कर रहे हैं।


चतुर्थ पुण्यतिथि



स्व. चौ. रघबीर सिंह सहरावत

(10.01.1941 to 13.06.2021)

श्री रघबीर सिंह सहरावत जी आज ही के दिन सांसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु के चरणों में विलीन हो गये थे। आपका बिछोह हम सब के लिए असहनीय व पीड़ादायक है। आपकी मधुर स्मृति ही अब हमारी धरोहर है।

श्रद्धावनत एवं निवेदनकर्ता

श्रीमती मूर्ति देवी (धर्मपत्नी)
डॉ. अनिल सहरावत (पुत्र) (उप कृषि निदेशक फरीदाबाद एवं पलवल)
अरूण सहरावत (पुत्र)
शक्ति सहरावत (पुत्र)

निवास : 695/27 वेस्ट रामनगर सोनीपत







चाइल्ड आर्टिस्ट्स

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है। बच्चों के लिए उसके पापा किसी सुपर हीरो से कम नहीं होते। फादर्स-डे के मौके पर कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि किन खूबियों की वजह से वे अपने पापा को दुनिया का बेस्ट पापा मानते हैं। साथ ही ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं कि इस बार फादर्स-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे।

# माय पापा इज द बेस्ट

## पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूडः आर्यन प्रजापति





**आर्यन प्रजापति** एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक का रोल प्ले कर रहा है, जो दर्शकों को खूब भा रहा है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, हंसते हुए बताता है, 'मैं एक कार्ड बना रहा हूं, जिसमें मैं पापा के लिए अपनी फीलिंग्स लिखूंगा। साथ ही मैं उनका फेवरेट केक भी लाऊंगा। हम सब मिलकर घर पर छोटा सा सेलिब्रेशन करेंगे। पापा को क्रिकेट बहुत पसंद है, तो मैंने सोचा है कि हम दोनों मिलकर पास के मैदान में क्रिकेट खेल कर थोड़ा टाइम स्पेंड करेंगे। इस फादर्स-डे मैं अपने पापा को यह जताना चाहता हूं कि वो मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं।' पापा की वो बात जो आर्यन के लिए जिंदगी भर के लिए सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा अकसर कहते हैं कि जब हम अपना काम पूरी मेहनत, ईमानदारी से करते हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है।' आर्यन के लिए उसके पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड। चाहे कितनी भी बड़ी टेंशन हो, वो हमेशा शांत रहते हैं। बहुत ही सुलझे तरीके से सिचुएशन को हैंडल करते हैं। वो ना सिर्फ एक अच्छे पापा हैं, मेरे बेस्ट फ्रेंड और मेंटर भी हैं। मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा बहुत हार्डवर्किंग हैं आरिया सकारिया



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में लछमा का रोल कर रही आरिया सकारिया फादर्स-डे को लेकर काफी उत्साहित है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, आरिया बताती है, 'इस दिन मैं अपने पापा को लेकर बाहर घूमने जाऊंगी। हम बाहर ही ब्रेकफास्ट करेंगे, शॉपिंग करेंगे और मूवी देखेंगे।' पापा की कोई ऐसी बात, जो आरिया के लिए जिंदगी भर का एक सबक बन गई हो, यह पूछने पर वह बताती है, 'मेरे डैड ने मुझे सिखाया है कि लाइफ में कोई भी प्रॉब्लम आ जाए, कभी हार मत मानना, क्योंकि कोई भी ऐसी प्रॉब्लम नहीं है, जिसका सॉल्यूशन न हो। पापा की यह बात मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा सबक है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।' आरिया की नजर में उसके पापा की वह क्वालिटी, जो उन्हें बेस्ट पापा बनाती है, वह बताती है, 'मेरे डैड की सबसे अच्छी क्वालिटी यह है कि वो मेरी मॉम की बहुत रेस्पेक्ट करते हैं। वह हर काम में मां की हेल्प करते हैं। मेरे पापा बहुत हार्ड वर्किंग हैं। चाहे जितना भी थक गए हों, वो हमारे साथ जरूर टाइम स्पेंड करते हैं! इन्हीं वजहों से मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा ने दी है सीख कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए : अहनाफ खत्री



**जी टीवी** के शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन की भूमिका निभा रहा अहनाफ खत्री के लिए उसके पापा उसकी लाइफ में सबसे इंपॉर्टेंट हैं। वह कहता है, 'मुझे अपने पापा से बहुत प्यार है, वो मेरे लिए खुद से भी ज्यादा इंपॉर्टेंट हैं।' अहनाफ ने इस बार फादर्स-डे पर क्या कुछ खास प्लान कर रखा है, वह बताता है,'अबकी मैं फादर्स-डे बहुत स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट करूंगा। मैं अपने पापा के साथ घूमने जाऊंगा। हमारे साथ कोई और नहीं होगा, सिर्फ मैं और मेरे पापा होंगे। मेरे पापा को नाइनटीज के गाने बहुत पसंद हैं। इसलिए मैंने पापा के लिए एक स्पीकर मंगवा लिया है। यह फादर्स-डे पर मेरी तरफ से पापा के लिए सरप्राइज गिफ्ट होगा।' अहनाफ से यह पूछने पर कि वह अपने पापा की कोई ऐसी क्वालिटी बताए, जो उन्हें वर्ल्ड का बेस्ट पापा बनाती है, वह तुरंत जवाब देता है, 'कोई एक क्वालिटी नहीं, पापा की सारी क्वालिटीज उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं।' अहनाफ के लिए पापा की बताई कौन-सी बात उसके लिए बहुत बड़ा सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा मुझसे हमेशा कहते हैं- 'ट्राय ट्राय टिल यू सक्सीड और कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए। मुझे उनकी ये बात हमेशा याद रहेगी।' *



## वह मेरे आइडियल, मेरे बेस्ट फ्रेंड हैं: उर्वा सावलिया



**उर्वा सावलिया** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के पीरियड ड्रामा 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में पृथ्वीराज चौहान के बचपन का रोल निभा रहा है। उर्वा की इस बार फादर्स डे पर क्या प्लानिंग है, इस सवाल पर वह जवाब देता है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैंने अपनी मम्मी के साथ मिलकर अपने पापा के लिए एक खास सरप्राइज प्लान किया है, लेकिन इसे अभी बताऊंगा नहीं, बता दिया तो सरप्राइज कैसा!' उर्वा अपने पापा की वो क्वालिटी बताता है, जो उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा हमेशा से मेरे लिए हीरो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन ने मुझे हर मुश्किल घड़ी में रास्ता दिखाया और एक ताकत दी है। मेरे पापा ना सिर्फ मेरे आइडियल हैं, बल्कि मेरे बेस्ट फ्रेंड भी हैं। मुझे उनकी सादगी सबसे ज्यादा पसंद है। उसी सादगी और संयम को मैं भी अपनाना चाहता हूं। मेरे पापा मेरे लिए एक पावर हाउस की तरह हैं।' *



प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

फीलिंग्स / मोनिका शर्मा

# पापा को दो प्यार भरा सरप्राइज

बच्चो, हर साल की तरह इस बार भी तुमने जरूर फादर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग की होगी। इस प्लानिंग के साथ तुम कुछ अलग तरीके से फादर्स-डे सेलिब्रेट कर अपने लविंग पापा को सरप्राइज कर सकते हो। कैसे, जानो।




बच्चो, तुम्हारे हर स्पेशल दिन पर सरप्राइज देने वाले पापा को फादर्स-डे पर तुम भी सरप्राइज दे सकते हो। पापा के दिल को छू जाने वाला कुछ करके, तुमको भी बहुत खुशी मिलेगी। पापा के लिए तो यह सदा के लिए एक यादगार दिन बन जाएगा। इस बार फादर्स-डे पर पापा को हैप्पी और डिलाइटफुल, आश्चर्य में डालने वाले प्यारे काम करना ना भूलना।

**प्यारा वीडियो मैसेजः** पापा तुमको सुपरहीरो लगते हैं या लविंग-केयरिंग डैडी। साथ मस्ती करने वाले दोस्त जैसे लगते हैं या सलाह देने वाले गाइड। रोल मॉडल हैं या सहज प्यारे से पर्सन। वीडियो में खुलकर हंसते-मुस्कुराते हुए अपने पापा के लिए सब कुछ कह डालो। फादर्स-डे के खास दिन पर विश करते हुए अपने मन की बातें कहने वाला वीडियो पापा को सचमुच स्पेशल फील करवाएगा। अपनी सी बातों को समेटते हुए यूनीक सा वीडियो मैसेज बनाने का आइडिया कमाल कर जाएगा। फादर्स-डे को अलग अंदाज में सेलिब्रेट करने का अंदाज पापा को खूब खुशी देगा।



**लिखो दिल छूने वाला पत्रः** पेंसिल पकड़ने से लेकर अच्छे से पढ़ने-लिखने तक, तुम्हारी सीखने-समझने की जर्नी का हर दिन पापा के लिए भी बहुत खास होता है। इसीलिए तुम्हारी अपनी हैंडराइटिंग में लिखे लेटर का हर अक्षर पापा के लिए अनमोल होगा। साथ ही तुम्हारी लिखी बातें सदा के लिए एक सहेजने वाला गिफ्ट बन जाएंगी। इस बार डैडी के लिए प्यार, रेस्पेक्ट और प्यारी-प्यारी मेमोरीज को पत्र में लिख डालो। अपने लिखे पत्र में इमोशंस को प्रेजेंट करने के लिए इमोजी भी बनाओ। चुपचाप पापा की अलमारी या तकिए के नीचे अपना पत्र रख दो। इस तरह लिखी गई बातों को पढ़ कर पापा के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।

**आर्टिस्टिक एक्सप्रेशनः** तुम्हारे रंग-बिरंगे चित्र और आड़ी-तिरछी रेखाएं पापा को खूब भाती हैं। इस बार अपने हाथ से सुंदर सा फादर्स-डे कार्ड, पेंटिंग या एक आर्टिस्टिक पीस बनाकर पापा को देना मत भूलना। अपने बनाए आर्ट पीस को सुंदर स्टिकर से सजाकर प्यारा सा मैसेज भी दे सकते हो। कार्ड पर अपने हाथ से बनाई सिंपल पेंटिंग भी बना सकते हो। कोई भी आर्टवर्क डैडी के लिए एक परफेक्ट होममेड गिफ्ट होगा, अफेक्शन से भरा अट्रैक्टिव उपहार। बच्चो, पापा ऐसी बातों को खुलकर बताते नहीं हैं पर तुम्हारा बनाया आर्ट-क्राफ्ट पापा के लिए प्यार जताने का सबसे सुंदर तरीका है। इसे जब भी पापा देखेंगे, उनके चेहरे पर स्माइल आ जाएगी। *

## जीके क्विज-157

1. हाल ही में चर्चा में रहे डी. गुकेश का संबंध किस खेल से है?
2. 51वां जी 7 शिखर सम्मेलन किस देश में आयोजित किया जाएगा?
3. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र का अध्यक्ष किसे चुना गया है?
4. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
5. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
6. सर्वप्रथम किस विदेशी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?
7. कनाडा की राजधानी कहां है?
8. रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
9. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
10. मानव शरीर का कौन-सा अंग खून साफ करने का काम करता है?



बच्चो, जीके क्विज-157 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-156 का उत्तरः** 1.ओपल सुचाता चुआंगसरी, 2.रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 3.शुभमन गिल, 4.वी. एस. रामादेवी, 5. 21 जून, 6.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.गोवा, 8.जापान, 9.वेलिंगटन, 10.क्लोरोफ्लोरोकार्बन

**जीके क्विज-156 का सही उत्तर देने वाले:** निलेश-जांजगीर, मुकेश-बिलासपुर, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, आशीष-भोपाल

## हंसगुल्ले

**पापाः** लड़के को अंग्रेजी में 'ही' कहते हैं, तो कई लड़कों को अंग्रेजी में क्या कहेंगे?
**सोनू (कुछ देर सोचने के बाद):** पापा, जितने लड़के होंगे, उतने 'ही ही ही ' कहेंगे।
-गोपी, बिलासपुर

**एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े रिंकू से पूछाः** यह कौन-सा स्टेशन है?
**रिंकूः** अंकल, यह रेलवे स्टेशन है।
राशि, रायपुर




**चुन्नू बर्फ का टुकड़ा उठा कर उसे घूरे जा रहा था...**
**पापा ने पूछाः** क्या देख रहे हो?
**चुन्नूः** देख रहा हूं कि यह लीक कहां से हो रहा है?
-कोकिला, रोहतक



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

# कितने अच्छे पापा!

विपुल को यही लग रहा था कि सोसाइटी में होने वाले शतरंज का फाइनल मैच हार जाएगा, जबकि वह कई बार फाइनल मैच जीत कर शतरंज बालश्री का पुरस्कार पा चुका था। इधर दो बार से वह फाइनल मैच में हार जा रहा था। लेकिन पापा ने उसकी जीत के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। क्या इसके बाद विपुल फाइनल मैच में विजयी हुआ?



शनिवार की सुबह थी। विपुल बहुत बेचैन था। उसकी बेचैनी का कारण जून महीने की गर्मी नहीं थी। वह इसलिए बेचैन था, क्योंकि अगले दिन इतवार को उसका शतरंज का फाइनल मैच था। उसे डर लग रहा था कि कहीं पिछली दो बार की तरह इस बार भी वह फाइनल मैच में हार न जाए।

विपुल जिस हाउसिंग सोसाइटी में रहता है, उसमें बहुत सारे फ्लैट हैं। उस सोसाइटी में हर वर्ष जून और दिसंबर की स्कूल की छुट्टियों में बच्चों के लिए खेल-कूद की अनेक प्रतियोगिताएं होती हैं। विपुल शतरंज की प्रतियोगिता में भाग लेता है। वह फाइनल में जीतकर शतरंज बालश्री का पुरस्कार कई बार पा चुका है। लेकिन पिछले साल जून और दिसंबर में हुई शतरंज प्रतियोगिता में जीतते-जीतते वह फाइनल तक तो पहुंच गया था, पर फाइनल मैच में हार गया था। इसलिए उसे डर सता रहा था कि वह कहीं इस बार भी हार न जाए। वह इसी सोच में गुमसुम-सा बैठा था। तभी विपुल के पापा उसके पास आए और बोले,'बेटा, आज तो मेरे ऑफिस की छुट्टी है। चलो, शतरंज खेलते हैं।'

विपुल के पापा शतरंज के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने शतरंज की कई बड़ी प्रतियोगिताओं में बहुत से पुरस्कार जीते हैं। विपुल आज तक पापा से शतरंज में जीत नहीं पाया है। पापा के साथ खेलते हुए उसे लग रहा था कि वह आज भी हार जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कुछ देर बाद वह जीत गया और पापा हार गए।

विपुल की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था, क्योंकि वह पहली बार पापा से जीता था। तभी पापा बोले, 'आओ, एक बाजी और खेलते हैं।' इस बार तो विपुल को पूरी उम्मीद थी कि वह हार जाएगा, लेकिन इस बार भी वह जीत गया। उस दिन शाम तक विपुल ने पापा के साथ शतरंज की आठ बाजियां खेलीं और सभी में वह जीत गया। यह देख पापा विपुल से बोले, 'बेटा, अगर तुम मुझे हरा सकते हो तो फिर कल के मैच में एक बच्चे को क्यों नहीं हरा सकते?'

विपुल को अब अपने आप पर विश्वास हुआ कि वह कल का मैच जीत सकता है।

अगले दिन जब शतरंज का फाइनल मैच शुरू हुआ तो विपुल के पापा भी मैच देखने गए। पापा को अपने आस-पास पाकर विपुल पूरे आत्मविश्वास से खेलने लगा और दूसरे बच्चे को हराकर जीत भी गया। दोपहर बाद प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित हुए और विपुल को शतरंज बालश्री पुरस्कार प्रदान किया गया। घर आते हुए खुशी के मारे उसके पांव जमीन पर नहीं पड़ रहे थे।

शाम को पापा को बस से भोपाल के लिए निकलना था। लगभग बारह घंटे की बस यात्रा थी। अगले दिन सुबह से वहां उनकी एक हफ्ते की सरकारी ट्रेनिंग थी। खाना खाते हुए विपुल ने पूछा, 'पापा, आप वापस कब आएंगे?'

'इतवार सुबह की राजधानी ट्रेन से आऊंगा। इस ट्रेन में तो सात घंटे ही लगेंगे। दोपहर बाद तक घर पहुंच जाऊंगा।' पापा ने जवाब दिया। यह सुनकर विपुल बोला,'पापा, आप राजधानी से वापस आएंगे तो फिर राजधानी से ही क्यों नहीं गए? बस से तो टाइम भी ज्यादा लगेगा और बस में गर्मी और भीड़-भाड़ भी होगी। आप ठीक तरह से सो भी नहीं पाएंगे। कल सुबह भोपाल पहुंचेंगे तो बिना आराम किए आपको ट्रेनिंग के लिए जाना होगा।'

'हां, यह तो है।' पापा बहुत आहिस्ता से बोले।

'पापा, आप आज दिन में राजधानी से जाते तो आराम से एसी ट्रेन का सफर करते और रात को ठीक तरह से सो भी पाते।' विपुल की इस बात का पापा ने कोई जवाब नहीं दिया और चुपचाप खाना खाते रहे।

तभी मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम्हारे पापा आज सुबह इसलिए ट्रेन से नहीं गए ताकि वे मैच जीतने के लिए तुम्हारा हौसला बढ़ा सकें।'

यह सुनकर विपुल बहुत भावुक हो उठा, बोला, 'पापा, आप मेरे लिए इतना कष्ट सहकर जाएंगे भोपाल, जबकि आप बड़े आराम से ट्रेन से जा सकते थे।' मम्मी फिर बोलीं, 'और यह जो कल तुमने अपने पापा को आठ बार हराया है न, यह भी कोई अपने-आप नहीं हो गया। तुम्हारे पापा शतरंज के इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि बड़े-बड़े खिलाड़ी इनसे नहीं जीत पाते, लेकिन तुम इनसे कैसे जीत गए, वह भी एक ही दिन में लगातार आठ बार! सोचा क्या तुमने?'

मम्मी की बात सुनकर विपुल सोच में पड़ गया। मम्मी आगे बोलीं, 'बेटा, यह भी तुम्हारे पापा की ही सोची-समझी तरकीब थी। ये जानबूझकर तुम से आठ बार हारे थे ताकि तुम्हारा आत्मविश्वास लौट आए और तुम आज का फाइनल मैच जीत सको।'

मम्मी की बात सुनकर विपुल उठा और पापा के गले लगकर बोला, 'पापा, आप कितने अच्छे हैं..!'

पापा भी प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरने लगे। *



कविता / देवी प्रसाद गौड़

## मेरे फौजी पापा

सदा फूल से खिलते पापा,
हंसते-हंसते घर में आते।
कहां छुपी है परी हमारी,
सबसे पहले मुझे बुलाते।।
जब भी पापा घर में आते,
तरह-तरह की टॉफी लाते।
मधुर मंद मुस्काते जाते,
एक-एक कर मुझे दिखाते।।
टॉफी देख पंख लग जाते,
मैं घर में उड़ने लग जाती।
पापा के कंधे पर बैठी,
भैया से लड़ने लग जाती।।
सर चढ़ी लाड़ली पापा की,
मां, मुझको आंख दिखाती है।
कभी प्यार से कभी झगड़ कर,
भैया का हिस्सा खाती है।।
पापा कहते सब बच्चों में,
बिटिया लगती मुझको प्यारी।
बहुत गर्व है मुझको इस पर,
इसकी बातें सबसे न्यारी।।
रोज सबेरे मुझसे कहती,
पापा मेरी गुल्लक खुलवाओ।
उसमें पैसे और मिलाकर
अच्छी सी बंदूक मंगाओ।।
सुबह-शाम टीवी पर सुनती,
सिंदूरी मान बढ़ाऊंगी।
फौजी पापा की बेटी हूं,
सीमा पर लड़ने जाऊंगी।।
बहुत खुशी है मुझको बिटिया,
सपना साकार कराऊंगा।
अभी बड़ी हो जाओ लाड़ो,
तुमको कप्तान बनाऊंगा।।

## रंग भरो-177

**रंग भरो-177** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





श्याम, धमतरी



वसनि, रायपुर



सानवी, अंबिकापुर



रितेश, मटियारी



मिष्ठी, महासमुंद



डिंपल, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आतिया-बहादुरगढ़, अंकित-धमतरी, अथर्व-बिलासपुर, डॉली-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, रुपाली-दिल्ली, ट्विंकल-महेंद्रगढ़, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

## रंग भरो 178

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में भाई-बहन फादर्स डे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस प्यारे से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



तुम्हारे लिए किताब / सुधा श्रीवास्तव

## जीवन पथ-प्रदर्शित करती कहानियां




फादर्स-डे के आस-पास पापा से जुड़ी कोई कहानी मिल जाए तो तुम झटपट पढ़ डालोगे। असल में हर बच्चा अपने पापा से भावनात्मक रूप से बहुत जुड़ा होता है। पापा की सीखें, जीवन में पथ-प्रदर्शक का काम करती हैं, बाधाओं को दूर करती हैं, खुशियों से भरती हैं। इंदिरा त्रिवेदी का कहानी संग्रह 'पापा ने सही कहा था' की शीर्षक कहानी पढ़ते समय यही महसूस होता है। कहानी में मिनी परीक्षा नहीं देना चाहती है, क्योंकि उसने सही ढंग से तैयारी नहीं की है। लेकिन उसके पापा प्यार से समझाते हैं, 'तो क्या हुआ बेटा, क्लास में तुमने जो कुछ भी सुना-समझा हो, जो भी जानकारी हो, परीक्षा में आए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में लिख देना।' पापा को विश्वास है, मिनी होशियार है, प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखेगी और अच्छे अंक लाएगी। होता भी यही है। मिनी को समझ में आ जाता है कि बड़े लोग अपने जीवन अनुभव के आधार पर जो कहते हैं, सही कहते हैं। यह भी सही है कि कोशिश करने वाले असफल नहीं होते। इस संग्रह में कुल बारह कहानियां हैं। इन कहानियों में पैरेंट्स, बच्चों को जीवन की जरूरी सीख ही नहीं देते, उन्हें संस्कारवान भी बनाते हैं। संग्रह की कहानियां पढ़ते समय बच्चो, तुम्हें लगेगा, ये तुम्हारे आस-पास की अपनी कहानियां हैं। *

***किताब :*** *पापा ने सही कहा था,* ***लेखिका :*** *इंदिरा त्रिवेदी,* ***मूल्यः*** *200 रुपए,* ***प्रकाशक :*** *भव्या पब्लिकेशन, भोपाल*

## खबर संक्षेप

### बीएड की परीक्षाओं को लेकर लागू की धारा 163

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विवि रोहतक द्वारा 12 से 30 जून तक जिले में आयोजित की जाने वाली बीएड की परीक्षाओं के सुचारु, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। ये आदेश परीक्षा अवधि के दौरान, प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश डॉ. मनोज कुमार ने आदेश जारी किए है।

### नशा मुक्ति अभियान में दो समाजसेवी बनाए सदस्य

**सोनीपत।** जिला प्रशासन ने नशा मुक्त भारत अभियान को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपायुक्त की अध्यक्षता में 2024 में गठित की जिला स्तरीय समिति को विस्तार दिया है। पहले से अलग-अलग अधिकारियों को सदस्य बना चुकी समिति में अब दो सामाजिक संगठनों को भी सदस्य बनाया गया है। इनमें सेफ इंडिया फाउंडेशन और मानव अधिकार संरक्षण संघ शामिल हैं। यह समिति जिले में नशा उन्मूलन के कार्य में सहयोगी की भूमिका निभाएंगे। जारी आदेश के अनुसार, इंचार्ज संजय सिंगला और मानव अधिकार संरक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत को समिति के सदस्य के रूप में नामित किया है।

### गांव कटवाल में चोरों ने बंद मकान में लगाई सेंध

**गोहाना।** गांव कटवाल में बंद मकान में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर नकदी व जेवर चोरी कर ले गए। ग्रामीण जब घर लौटा तो सामान बिखरा हुआ था। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

गांव कटवाल के मोनू ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह किसी काम से गोहाना आया हुआ था। उसकी मां भी घर से बाहर गई थी। घर पर ताला लगा हुआ था। शमा के समय उसकी मां घर लौटी तो अंदर का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा हुआ था। चोर घर से तीन लाख रुपये और लाखों रुपये की कीमत के जेवर चोरी कर ले गए। सीसीटीवी की जांच की तो दो युवक बाइक पर आए थे। युवक उनके घर में घुसे तो अपने चेहरे कपड़ों से ढक रखे थे।

### धनाना में ट्रांसफार्मर से तेल और क्वाइल चोरी

**गोहाना।** गांव धनाना में किसान शिव कुमार के खेत में लगे ट्रांसफार्मर से तेल व क्वाइल चोरी कर ली। बरोदा थाना में बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। शिव कुमार ने बिजली निगम से अपने खेत में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल चलाने को बिजली का कनेक्शन ले रखा है। ट्रांसफार्मर क्वाइल व तेल चोरी की सूचना पर जेई टीम के साथ मौके पर गए और एसडीओ को रिपोर्ट दी।

### गांव बीधल में मकान से आभूषण चोरी, केस

गोहाना। गांव बीधल की सुमित्रा ने पुलिस को बताया कि आठ जून की रात को उनके घर में चोरी हुई। उसकी पुत्रवधू जगी तो संदूक का सामान बिखरा मिला। चोर जेवर चोरी कर ले गए। उसने गांव के दो युवकों पर चोरी का शक जताया और पुलिस को शिकायत दी। सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

## डॉ. अरविंद शर्मा ने किया तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन

# केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के लिए लागू की अनेक योजनाएं : पर्यटन मंत्री

### प्रदर्शनी सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम

चित्रों, ग्राफिक्स व सूचनात्मक सामग्री के माध्यम से प्रस्तुत की गईं अभूतपूर्व उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्र सरकार के 11 सफल वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा गुरुवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित सरल केंद्र में तीन दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन हरियाणा सरकार के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने फीता काटकर किया। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि यह प्रदर्शनी विकसित भारत की दिशा में निरंतर अग्रसर होते देश की झलक प्रस्तुत करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया गया है, उसे साकार करने हेतु केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर कार्य कर रही हैं। यह प्रदर्शनी सरकार की नीतियों और जनहित में किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मूलमंत्र पर चलते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कीं, जिनका लाभ पारदर्शी तरीके से हर पात्र नागरिक तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं ने आम जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए हैं। इस अवसर पर सोनीपत विधायक निखिल मदान, उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, भाजपा जिला प्रभारी सतीश नांदल, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, एसडीएम सुभाष चंद्र, डीडीपीओ जितेंद्र कुमार सहित अनेक गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।



सोनीपत। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते मंत्री-विधायक साथ में अधिकारीगण।



गोहाना। पत्रकारों को संबोधित करते किरण चौधरी व साथ में बैठक अन्य।

### प्रधानमंत्री मोदी ने देश को दी नई दिशा: किरण चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 11 वर्षों में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को अपनाते हुए देश को नई दिशा देने का काम किया। प्रधानमंत्री ने हमेशा आत्मनिर्भर व मेक इन इंडिया का नारा देते हुए अनेक योजनाएं लागू की। जिससे आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यव्यवस्था बन गई जो वर्ष 2014 से पहले 10वें स्थान पर थी। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने भाजपा सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत गोहाना स्थित सिंचाई विश्राम गृह में प्रैसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की अभूतपूर्व उपलब्धियों की सराहना करते कहा कि ये कालखंड भारत के इतिहास में विकास, आत्मनिर्भरता व वैश्विक प्रतिष्ठा का स्वर्णिम युग बनकर उभरा है। ये 11 वर्ष केवल एक पड़ाव है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह अमृत काल उस स्वर्णिम काल की नींव रखेगा, जहां भारत ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म और समृद्धि का विश्व गुरु बनेगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेन्द्र मलिक, भाजपा नेता योगेश्वर दत्त, पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. धर्मबीर नांदल, परमवीर सैनी, बलराम कौशिक, प्रदीप सांगवान, भूपेन्द्र मुदगिल, जस्सी खुराना आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतिभागी रचनाएं दिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि

## खंड शिक्षा अधिकारी ने कैंप का औचक निरीक्षण किया

- गढ़ी ब्राह्मणान के राजकीय स्कूल में चल रहा एफएलएन प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढी ब्राह्मणान में प्राचार्य अतुल कुमार के दिशा निर्देशन में चल रहे अंतर जिला शिक्षकों के पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन आज गणित विषय पर चर्चा की गई। उपस्थित शिक्षकों को मुख्य प्रशिक्षक मोनिका दहिया बैच 1में, मनोज कुंडू बैच 2 में, ममता और मंजू बैच 3 में गणित विषय के 4 ब्लॉक मॉडल, जिसमें मौखिक गणित बातचीत, कौशल शिक्षण, कौशल अभ्यास और खेल-खेल में गणित के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने ईएलपीएस मॉडल के अनुभव, भाषा, चित्र और चिन्ह के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। वही प्रशिक्षक सुनीता, परमजीत, संजीव, सुनील, संगीता ने वर्ष 2025-26 के गणित अकादमी प्लान, पाठ योजना, स्किल पासबुक और संपर्क सॉस किट के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आए हुए अंतर जिलों से विभिन्न शिक्षकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की प्रस्तुति की और बढ़-चढ़कर भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी सोनीपत सूरजभान द्वारा कैंप का औचक निरीक्षण भी किया गया।

### सैनीपुरा में कंपनी के दो कर्मचारियों से की मारपीट

**गोहाना।** गांव सैनीपुरा में कंपनी में ड्यूटी खत्म करके बाहर आए दो कर्मियों से मारपीट की और धारदार हथियारों से हमला किया। कर्मियों को नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। गांव बिचपड़ी के गगन दीप ने पुलिस को बताया कि वह सैनीपुरा गांव में एक कंपनी में नौकरी करता है। बुधवार को वह ड्यूटी करके बाइक लेकर बाहर आया। उसके साथ दोस्त गांव बीधल का साहिल व गामड़ी गांव का हिमांशु भी था। जब वे सैनीपुरा चौक की तरफ गए तो दो बाइकों पर चार युवक आए और उनका रास्ता रोक लिया। एक युवक ने बर्फ तोडने वाला सुआ, दूसरा युवक पेचकश और तीसरा युवक डंडा लिए हुआ था।

## गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश दिवस श्रद्धा-उल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राज महला में आज गुरु हरगोबिंद साहिब का पावन प्रकाश दिवस श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश, नितनेम, सुखमणि साहिब व चौपाई साहिब के पाठ से हुई। महासचिव परमजीत सिंह ने गुरु साहिब के जीवन और योगदान पर संगत को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि गुरु हरगोबिंद साहिब ने अकाल तख्त की स्थापना की और चार युद्धों में भाग लिया। उन्होंने ग्वालियर किले में बंद 52 हिंदू राजाओं को मुक्त कराया। अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह ने संगत को बधाई दी। इस अवसर पर हरबंस सिंह गांधी, तेजेंद्र पाल सिंह, मनोज कालड़ा व अमरीक सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



सोनीपत। प्रकाश दिवस उत्सव में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण। फोटो :हरिभूमि

## संत कबीर प्रकट दिवस समारोह का दिया निमंत्रण

### कल खरखौदा में होगा समारोह का आयोजन, कार्यक्रम की तैयारियां संपन्न

- मुख्य अतिथि के तौर पर मंत्री डा.अरविंद शर्मा व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बडौली पहुंचेगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

संत शिरोमणि कबीर साहेब समाज समिति की तरफ से क्षेत्र के गांव-गांव जाकर 14 जून को 628 वें संत कबीर प्रकट दिवस समारोह का निमंत्रण दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम खरखौदा में आयोजित किया जाएगा। प्रस्तावित समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री डा.अरविंद शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, राज्य सभा सदस्य रामचंद्र जांगडा, विधायक पवन खरखौदा व अन्य नेता हिस्सा लेंगे। समारोह की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष हीरालाल इंदौरा करेंगे। समिति के महासचिव अनिल कुमार ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समिति बीते कई वर्षों से यह आयोजन करती आ रही है। प्रचार प्रसार निमंत्रण टीम में मुख्य रूप से हीरालाल इंदौरा अध्यक्ष, अनिल कुमार एडवोकेट महा सचिव, ओमप्रकाश खनगवाल, मास्टर रिंकेश पीटीआई बलजीत किढ़ौली, प्रेम सिंह रोहना, सतीश प्रधान सिसाना, मास्टर आनंद खटक, प्रमोद इंदौरा एम सी, हैप्पी बहल मास्टर मुंशी राम, रणधीर रोहट आदि शामिल हैं।



खरखौदा। समारोह के लिए निमंत्रित करते प्रसारक टीम। फोटो :हरिभूमि

## गन्नौर: पटवारखानों में नहीं मिला किसी भी तरह का बाहरी हस्तक्षेप

### तहसील भवन का एसडीएम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

एसडीएम प्रवेश कादियान ने वीरवार को पुराने तहसील भवन का निरक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुराने तहसील कार्यालय में पटवार खानों की जांच की। जांच के दौरान पटवारखानों में किसी तरह का बाहरी हस्तक्षेप नहीं मिला। इस दौरान दो पटवारी नदारद मिले जिन्हें एसडीएम ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसके बाद एसडीएम ने परिसर में खोखे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिन खोखों के बाहर सरकारी फीस के बोर्ड नहीं लगाए गए उन्हें जरूरी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी खोखों के बाहर सरकारी फीस लगाई के बोर्ड लगाए जाएं, यदि ऐसा नहीं किया गया तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## ब्राइट स्कॉलर स्कूल में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर स्कूल में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का समापन आज सफलतापूर्वक हुआ। दूसरे दिन का सत्र सुश्री सुमति आनंद और सुश्री सुमन द्वारा संचालित किया, जिसमें विज्ञान शिक्षकों को व्यावहारिक और रचनात्मक शिक्षण विधियों पर प्रशिक्षण दिया । कार्यशाला में अनुभव आधारित शिक्षा जैसे बायोडिग्रेडेबल और नॉन-बायोडिग्रेडेबल सामग्री की पहचान, ध्वनि तरंगों और संगीत पर वर्कशीट, और स्टैम गतिविधियों हेतु कैटापल्ट चैलेंज शामिल थे। शिक्षकों को प्रभावी पाठ योजनाओं, मूल्यांकन पद्धतियों और सीबीएसई के मूल्यांकन ढांचे पर विस्तृत जानकारी दी गई। शिक्षण में रचनावाद और शिक्षार्थी-केंद्रित दृष्टिकोणों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। समापन सत्र में प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए और अपने विद्यालयों में नवाचारों को लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। अंत में प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधे भेंट किए गए।



सोनीपत। कार्यशाला में प्रतिभागियों के साथ विद्यालय स्टाफ। फोटो :हरिभूमि



कार्यशाला के दौरान शपथ लेते प्रतिभागी साथ में डॉ. राज सिंह सांगवान एवं अन्य।

### भिक्षावृत्ति रोकने को कानूनी प्रावधान बताए

**सोनीपत।** बीडीपीओ कार्यालय सोनीपत में आज चाइल्ड प्रोटेक्शन सिस्टम को सुदृढ़ करने हेतु एक कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता डॉ. राज सिंह सांगवान (जिला संयोजक, एमडीडी ऑफ इंडिया) ने बाल श्रम और भिक्षावृत्ति रोकने के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। ग्राम पंचायतों के सचिव, पंच और सरपंचों ने शपथ ली कि वे अपने गांवों में बाल श्रम व शोषण रोकने हेतु प्रशासन को सतर्क करेंगे। बाल श्रम निषेध अधिनियम 1986 और जेजे एक्ट 2015 की धाराओं की व्याख्या करते बताया गया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना अपराध है, जिसके लिए सजा और जुर्माना दोनों हो सकते हैं। कार्यक्रम में एमडीडी टीम के सदस्य व एचआईआरडीए करनाल से भी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य बाल संरक्षण व्यवस्था को मजबूत करना और जनप्रतिनिधियों को कानूनी रूप से जागरूक करना था।

**अपील** विश्व सर्जरी सप्ताह के तहत नागरिक अस्पताल में फ्री सर्जन ओपीडी आज

# जिलावासियों से ओपीडी का लाभ उठाने और निःशुल्क परामर्श प्राप्त करने का किया आह्वान

- इस ओपीडी में जिले के कई प्रतिष्ठित सर्जन मौजूद रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विश्व सर्जरी सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में मुफ्त सर्जन ओपीडी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को सर्जरी संबंधी जागरूकता बढ़ाने और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। ओपीडी में शहर के अलग-अलग अस्पतालों से सिविल सर्जन मौजूद रहेगें। प्रबंधन की तरफ से ओपीडी को सफल बनाने व लोगों को सुविधा देने के लिए सभी तैयारियों को पूरा कर लिया है।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने बताया कि विश्व सर्जरी सप्ताह 9 जून से 15 जून के अंतर्गत शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में मुफ्त सर्जन ओपीडी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को सर्जरी संबंधी जागरूकता बढ़ाने और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह विशेष ओपीडी का संचालन अस्पताल परिसर में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किया जाएगा। इसके बाद सर्जन मरीजों को विभिन्न सर्जिकल बीमारियों, उनके लक्षण, बचाव व उपचार के तरीकों के बारे में जानकारी देंगे। इस ओपीडी में जिले के कई प्रतिष्ठित सर्जन मौजूद रहेंगे, जिनमें डॉ. आशीष सहगाई और डॉ. जीडी शर्मा प्रमुख रूप से शामिल होंगे। नागरिक अस्पताल प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में ओपीडी का लाभ उठाएं और निःशुल्क परामर्श प्राप्त करें। अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार इस दौरान सर्जरी व मधुमेह रोग पथरी से संबंधित मरीज सृजन से सलाह ले सकते है।






सोनीपत। आईटीआई में शिविर के दौरान योग का अभ्यास करते हुए।

### योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**सोनीपत।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में मिशन फिट सोनीपत के तहत आयुष विभाग व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्राकृतिक योग विशेषज्ञ हरज्ञान सिंह आर्य ने ताड़ासन का अभ्यास करवाते हुए इसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह आसन मेरुदंड की नस-नाड़ियों, शरीराकृति में सुधार और कद वृद्धि में सहायक है। प्रोटोकॉल के अंतर्गत वृक्षासन, त्रिकोणासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम आदि अभ्यास कराए गए। हृदय रोगी व वेरिकोज वेन्स पीड़ितों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी मेजर संजय श्योकंद, अजय कुमार व आयुष टीम के योग सहायकों सहित दर्जनों साधक उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुसाना के पंचायती तालाब उमरी वाला, नया गांव वाला, नया तालाब नं. 1, नया तालाब नं. 2, जीत वाला, कर्मठ वाला, माता वाला तालाब की बोली मत्स्य पालन हेतु दिनांक 26.06.2025 को प्रातः 11 बजे खंड कार्यालय मुण्डलाना में की जानी है। जमानत राशि 100000/- रूपये होगी। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। उक्त सभी तालाबों को आठ वर्ष के लिए पट्टे पर दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए सरपंच ग्राम पंचायत बुसाना से संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत, बुसाना
तहसील गोहाना (सोनीपत)
मो. नं. 9416541934

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मान्शु निवासी मल्हा माजरा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया।

सहायक उप निरीक्षक विजयेश्वर की टीम गश्त के दौरान नाहरा पुल के पास मौजूद थी। उसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास एक अवैध देशी पिस्तौल व एक जिंदा रोंद बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ कुंडली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच अधिकारी सिपाही गुलाब की टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### मामा के घर आई लड़की की सड़क हादसे में मौत

**गोहाना।** गांव भैंसवाल कलां में मामा के घर में आई लडक़ी की सडक़ हादसे में मौत हो गई। वह रोड पार कर रही थी कि वाहन ने टक्कर मार दी। उसे रोहतक के ट्रामा सेंटर लेकर गए, जहां पर मृत घोषित कर दिया। सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

गांव मुकीमपुर के सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी परिधि अपने मामा के घर गांव भैंसवाल गई थी। वह मामा के साथ खेत में जा रही थी। रास्ते में रोड पार करते समय तेज गति में आए वाहन ने टक्कर मार दी। चालक वाहन के साथ फरार हो गया। परिधि को रोहतक में ट्रामा सेंटर लेकर गए, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया।

### एफएलएन प्रशिक्षण के तहत शिक्षकों से पूछे प्रश्न

**गोहाना।** कथूरा खंड के शिक्षकों के लिए आयोजित एफएलएन प्रशिक्षण शिविर में गुरुवार को एससीईआरटी गुरुग्राम से स्टेट प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट की सदस्य स्तुति पहुंची। उन्होंने शिविर का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों का मार्गदर्शन किया और शिक्षकों से प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 के अंतर्गत छात्रों को बुनियादी शिक्षा एवं आधारभूत ढांचा मजबूत करने पर बल दिया गया। शिक्षक पहले स्वयं अपने कार्य में निपुण हों। इसके बाद ही वे बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पाएंगे। खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गौड़ और मास्टर ट्रेनर सपना ने कहा कि शिविर में जो कुछ नया सीखने को मिले, उसका लाभ बच्चों को जरूर मिलना चाहिए।

### झगड़े की रंजिश में घर में घुसकर चाकू से किया हमला

**गोहाना।** गांव मिर्जापुर खेड़ी में झगड़े की रंजिश में दो युवक एक ग्रामीण के घर में घुस गए और उस पर चाकू से वार किया। शोर मचाने पर एक युवक भाग गया जबकि दूसरे को पकड़ लिया गया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। राजबीर ने पुलिस को बताया कि चार-पांच दिन पहले उनका राजबीर के साथ झगड़ा हुआ था। उसी रंजिश में अब रात को आसीन व एक अन्य युवक गेट के ऊपर से कूदकर उनके घर में घुसे। उसकी नींद खुल गई तो उसके सामने आसीन व एक युवक थे। आसीन ने उस पर चाकू से वार किया। उसके हाथ पर चाकू लगा और दूसरे युवक ने डंडे मारे। उसने शोर मचाया तो दोनों भागने लगे।

---

### पुलिस में दी शिकायत, सीसीटीवी फुटेज में मामला कैद

# नम्बरदारी की तसदीक न करने पर नम्बरदार को जान की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रजिस्ट्री पर नम्बरदारी की तसदीक न करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में नम्बरदार ने पुलिस को शिकायत दी है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हुआ था। पुलिस को दी शिकायत में नम्बरदार हरीश त्यागी ने बताया कि 12 जून को तहसील परिसर में था। गांव गढ़ी केसरी के रकबे में बिना एनओसी के गांव का ही युवक रजिस्ट्री पर नम्बरदारी की तसदीक करने के कहने लगा तो जिस पर मैने नगरपालिका के अन्दर स्थित जमीन होने व एनओसी के लिए पूछा तो उन्होंने कहा कि हमारी रजिस्ट्री ऐसे ही आएगी। आरोप है कि उसके बाद तजदीक के लिए मैने मना कर दिया। जिस पर उन्होंने एतराज जताया। उसके बाद रजिस्ट्री पर बेचने वालो के हिस्सेदार, रिश्तेदार ने नायब तहसीलदार को शिकायत दी कि उनकी रजिस्ट्री बाबत जमीन की सच्चाई जानी जाई। उसके बाद नायब तहसीलदार ने मुझे मौके पर बुलाया और वहां से निकलते समय तहसीलदार के कमरे के सामने गैलरी में गांव के ही युवक ने मुझे नम्बरदारी करने व जान से मारने की धमकी दी, धमकी देने की सीसीटीवी फूटेज तहसील के अन्दर कैमरे में मौजूद है। शिकायत में बताया कि जिस समय उन्हें धमकी दी उसी समय मौके पर मुकेश, रविन्द्र, श्रीकांत, प्रवीन भी मेरे पास में ही थे। पुलिस को शिकायत देते हुए नम्बरदार ने जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्जकर कार्रवाई की मांग की।



गन्नौर। पुलिस को धमकी देने की शिकायत को दिखाते नम्बरदार हरीश त्यागी।

#### तहसीलदार को रजिस्ट्री न करने की शिकायत दी

गढ़ी केसरी गांव की ही मंजू, मनोज ने तहसीलदार को शिकायत दी है कि गढ़ी केसरी में किले नम्बर 276 में बतौर हिस्सेदार है। उनकी दादालाई जमीन है। उक्त जमीन नगरपालिका में है। जिसकी रजिस्ट्री के लिए एनओसी जरूरी है। उपरोक्त जमीन में काफी मकान व प्लाटों की नींव भरी हुई है। उनके ही परिवार के कुछ लोग रजिस्ट्री करवाना चाहते है। शिकायत में मांग की है कि उक्त प्लाटों की रजिस्ट्री नगरपालिका से एनओसी मिलने के बाद ही की जाए।

#### जांच के लिए रिजस्ट्री को रोक रखा : तहसीलदार

नायब तहसीलदार गजे सिंह ने बताया कि उक्त रिजस्ट्री को लेकर उनका आपसी पारिवारिक विवाद है। उसकी जांच करवाई जाएगी। जांच में अगर गलत होगा तो रजिस्ट्री नही होगी और ठीक मिलता है तो रजिस्ट्री कर दी जाएगी। हाल में जांच के लिए रजिस्ट्री के रोक रखा है।

#### पुलिस जांच कर रही : थाना प्रभारी

थाना प्रभारी ने इस बारे में बताया कि पुलिस को गढ़ी केसरी के नम्बरदार ने जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दी है। पुलिस शिकायत के बाद मामले की जांच कर रही है। अभी तक मामला दर्ज नही हुआ है।

---

# पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण प्रारंभ

- कक्षा कक्ष में नवाचारों को व्यवहार में लाकर छात्रों के अधिगम स्तर में गुणात्मक सुधार लाएं : राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरखौदा में सत्र 2025-26 के लिए प्राथमिक शिक्षकों के पांच दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2022 (मूलभूत चरण) पर आधारित नई पाठ्य-पुस्तकों की जानकारी व उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी द्वारा किया गया। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षक अपने ज्ञान में वृद्धि करें और कक्षा-कक्ष में नवाचारों को व्यवहार में लाकर छात्रों के अधिगम स्तर में गुणात्मक सुधार लाएं। यह प्रशिक्षण सत्र 12 जून से 17 जून 2025 तक (रविवार अवकाश) आयोजित किया जा रहा है। द्वितीय चरण में खंड खरखौदा तथा विभिन्न जिलों में कार्यरत, किंतु खरखौदा अथवा निकटवर्ती गांवों में निवास करने वाले कुल 78 शिक्षक, दो बैचों में भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षकों के रूप में सविता, नीना, सीमा, कविता, सुमन, रीना, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. निशा रानी एवं राजेश कुमार शिक्षकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। साथ ही खंड संसाधन समूह से किरण डारोलिया, संदीप कुमार, दुर्गा प्रसाद, रितु व सचिन सहयोग प्रदान कर रहे हैं।



खरखौदा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते अध्यापक।

## राई बीडीपीओ कार्यालय में टी शर्ट, जींस पैंट पर रोक, फॉर्मल कपड़ों में ऑफिस आने के आदेश

**राई।** अब खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय राई में सरकारी कर्मचारी और अधिकारी टी शर्ट और जींस पैंट पहने नजर नहीं आएंगे। सभी को फॉर्मल कपड़ों में ऑफिस आना होगा। ऐसा आदेश खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (एचसीएच) सुरेन्द्र आर्य ने जारी किया है। जारी पत्र में कर्मचारियों को सख्त आदेश दिए है कि आदेश का पालन न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश शुक्रवार से लागू हो जाएगा। कर्मचारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे फॉर्मल कपड़ों में ही ऑफिस आए। वे फॉर्मल पैंट शर्ट पहनकर ऑफिस आ सकते हैं। अगर नियमों का पालन नहीं किया गया तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा।

---

*हरियाणा संयुक्त मंच की बी एंड आर ब्रांच की हुई बैठक*

# मांगों को लेकर कर्मचारी 18 को करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कस यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त मंच की बी एण्ड आर ब्रांच खरखौदा की मीटिंग बी एण्ड आर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस खरखौदा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान सतीश कुमार रंगा ने की। जबकि संचालन ब्रांच सचिव मोहन सिंह ने किया। इस दौरान विशेष रूप से प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा, जिला सचिव रामप्रसाद, जिला उपप्रधान रणबीर सिंह उपस्थित रहे। प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि 18 जून को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परिमण्डल सोनीपत में सोनीपत जिले में कार्यरत सभी ब्रांचों के सैकड़ों कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन करेंगे और अपनी मांगों को लेकर मांगपत्र सौंपा जाएगा। ब्रांच प्रधान सतीश कुमार रंगा ने बताया कि 18 जून को बी एण्ड आर ब्रांच खरखौदा का प्रत्येक कर्मचारी रोष प्रदर्शन करने के लिए सोनीपत में पहुंचेगा और ब्रांच से संबंधित समस्याओं मांगों को विभागीय अधिकारियों से मौखिक और लिखित रूप से पूरी मजबूती से रख कर पूरा करवाने का काम किया जाएगा। गुरुवार की बैठक में ब्रांच कार्यकारिणी से मुकेश दहिया, रामेश्वर, सुनिता, सज्जन, सुनील, विरेन्द्र, मनोज, नरेंद्र, चांद, नरेश, अजय, कुलदीप आदि मौजूद रहे।



खरखौदा। मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते कर्मचारी

### शादी का झांसा देकर लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** राई थाना सोनीपत पुलिस ने शादी का झांसा देकर लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आकाश निवासी बागपत यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक युवती ने गत नौ जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनकी दूर की रिश्तेदारी में आकाश नाम के युवक से पहचान हुई। उसकी बेटी कंपनी में काम करती थी। वह आकाश डीजे का काम करता था। रिश्तेदारी में होने के चलते उसका आना-जाना हो गया। आरोपित ने उसकी बेटी को शादी का झांसा दिया। उसके साथ गलत काम किया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# मोदी के मजबूत नेतृत्व से बदली भारत की तस्वीर : डॉ अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर ही नहीं गली-मोहल्ले तक महसूस हो रहा है बदलाव

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व की बदौलत अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर ही नहीं, गांव-शहर, गली-मोहल्लों में बदलते भारत को महसूस किया जा रहा है। 140 करोड भारतीय आज भारत के दुनिया में बज रहे डंके और चहुंमुखी उत्थान की योजनाओं के प्रभाव से खुश होकर भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि 11 साल की इस यात्रा के दौरान सरल, पारदर्शी व्यवस्था और वंचित, जरूरतमंद का उत्थान सुनिश्चित हुआ है। वीरवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत जीटी रोड स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सोनीपत जिला प्रभारी सतीश नांदल, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखौदा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक व माईराम कौशिक के साथ पत्रकार वार्ता कर रहे थे। डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ देशवासियों को विकास की ओर आगे बढा रहे हैं और इसी कड़ी में हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संकल्पों की सिद्धि का गवाह बन रहा है। पीएम ने मजबूत नेतृत्व से भारत की तस्वीर बदल दी है।



सोनीतप। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री अरविंद शर्मा साथ में विधायक एवं अन्य भाजपा नेता।

---



खरखौदा। गली निर्माण का शुभारंभ करते विधायक पवन खरखौदा।

### विधायक ने किया गलियों के निर्माण का शुभारंभ

**खरखौदा।** शहर के वार्ड 5 व 16 में दो गलियों के निर्माण का शुभारंभ विधायक पवन खरखौदा ने नारियल तोड़कर किया। इस अवसर पर विधायक उन्होंने कहा कि खरखौदा में विकास के मामले में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ठेकेदारों को भी निर्देश दिए हैं कि उच्च गुणवत्ता का कार्य शहर में होना चाहिए। इसके इलावा पानी निकासी और पेयजल संकट का समाधान हर हाल में किया जाएगा। विधायक ने कहा कि सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। विकास के लिए लगातार ग्रांट मिल रही है। शहर की जो गालियां कच्ची हैं, उन्हें पक्का बनवाया जाएगा। गांव में भी शहरों की तर्ज पर विकास के कार्य करवाए जाएंगे। इस मौके पर खरखौदा नगर पालिका के वाइस चेयरमैन मुकेश सैनी, सीमा देवी, रविंद्र, प्रमोद इंदौरा, म्यूनिसिपल इंजीनियर अर्जुन कुमार, जेई हरीश सहित कई पार्षद भी उपस्थित रहे।

# 94 नागरिकों ने कमाया रक्तदान का पुण्य

- पुराने बस स्टैंड के समीप एसबीआई शाखा ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरुवार को शहर में पुराने बस स्टैंड के समीप एसबीआई शाखा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 94 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर में रक्त संकलन के लिए एनसीआई बाढ़सा (झज्जर) की टीम पहुंची। रक्तदान शिविर वातानुकूलित बस में आयोजित हुआ। इस शिविर में 7 युवाओं ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

रक्तदान शिविर की अध्यक्षता अक्षय दुआ ने की। संयुक्त संयोजन सुषमा पाल और मंजीत सिंह का रहा। शिविर में एसबीआई अधिकारियों व कर्मचारियों सहित रक्तदाताओं में प्रभजोत कौर, यलका, सोनिया, मुकेश, अनीष, ज्योति, रंजन पात्रा, अशोक कुमार, मनोज जाखड़, जगदीश, अशोक, सुरेंद्र, मनोज, सुनील, रामचंद्र, जितेंद्र देशवाल, अनिल देशवाल, राहुल, अजय, अशोक पूनिया, विनोद कुमार, विकास प्रजापति, कृष्ण बतरा, आंचल परुथी, प्रिंस ग्रोवर, सतीश, कृष्ण, अश्विनी, बलराज, दीपक, अंकित मोर, सन्नी, विजय, कंवर सिंह, नरेंद्र शर्मा, अक्षय, कमल, मंदीप और प्रदीप सूरा ने रक्तदान किया। शिविर में दीपक, हर्ष, कमल, संजीत, मोहित, अन्वेष और गोविंद ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।



गोहाना। वातानुकूलित बस में रक्तदान करते हुए रक्तदाता, आयोजक व अन्य।

# करंट ट्रांसफार्मर के खराब होने से 15 कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गुरुवार शाम शहर के 132 केवी बिजलीघर में करंट ट्रांसफर करने वाला अहम उपकरण सीटी (करंट ट्रांसफार्मर) अचानक खराब हो गया। इस तकनीकी गड़बड़ी को दुरुस्त करने में करीब साढ़े तीन घंटे का समय लग गया, जिससे शहर की 15 से अधिक कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति बाधित रही और आम जनजीवन पर असर पड़ा। उपकरण को बदला और रात लगभग 8:30 बजे तक बिजली बहाल कर दी गई।

सीटी उपकरण के फेल होते ही 33 केवी सर्कल बिजलीघर से जुड़ा संपूर्ण क्षेत्र अंधेरे में डूब गया। प्रभावित क्षेत्रों में ओल्ड डीसी रोड की कॉलोनियां, जीवन नगर, ब्रह्म कॉलोनी, आठ मरला, चार मरला, अशोक नगर, कच्चे क्वार्टर, एटलस रोड व रेलवे रोड क्षेत्र प्रमुख रहे। गर्मी के प्रचंड प्रकोप के बीच बिजली बंद होने से इनवर्टर भी जवाब दे गए। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कार्य प्रभावित हुआ, जबकि कुछ बड़े प्रतिष्ठानों को जेनरेटर का सहारा लेना पड़ा। मॉडल टाउन क्षेत्र में भी नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

#### ठीक करने में लगा 3 घंटे का समय

सीटी उपकरण खराब होने के कारण 33केवी सर्कल बिजली घर से बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। सीटी उपकरण बदलने के बाद करीब साढ़े तीन घंटे में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

**-प्रदीप खोखर,** उपमंडल अभियंता, बिजली निगम

---

**समस्या** | जनस्वास्थ्य विभाग ने मना किया तो दुकानदार ने नगरपालिका को दी शिकायत

*सीवर का ढक्कन टूटकर गिरा अन्दर, दुकानदारी हो रही प्रभावित*

# सीवर जाम के कारण दुकान में भर जाता है गंदा पानी, नहीं हो रहा समाधान

**दोनो विभागों पर सख्त कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गुमड़ रोड फ्लाई ओवर के नीचे सर्विस लाइन पर सीवर जाम होने के कारण दुकान में गंदा पानी भरने की दुकानदार ने नगरपालिका सचिव को शिकायत दी। शिकायत में दुकानदार कृष्ण ने बताया कि गुमड़ रोड़ पर फ्लाई ओवर के नीचे सर्विस लाइन पर उनकी दुकान है। पिछल्ले कई दिनों से उनकी दुकान के आगे बना सीवर लाइन का ढक्कन टूटकर उसके अंदर गिरने से सीवर जाम हो गया है। जिस कारण गंदा पानी उनकी दुकान में भर जाता है। उन्होंने बताया कि गंदा पानी भरने के कारण वे बेहद परेशान है। दुकानदार कृष्ण का कहना कि इससे उनकी पूरा दिन दुकानदारी प्रभावित हो रही है लेकिन नगरपालिका व जनस्वास्थ्य विभाग कोई ध्यान नही दे रहे। दुकानदार ने प्रशासन से मांग की है कि दोनो विभागों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी समस्या का समाधान करवाया जाए।

#### शिकायत के बाद जनस्वास्थ्य विभाग ने नपा के सीवर लाइन बता नही किया समाधान

*दुकानदार कृष्ण ने बताया कि 30 मई को उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग को ऑनलाइन शिकायत देकर सीवर लाइन को खोलने की शिकायत दी थी। शिकायत के बाद ऑनलाइन समाधान के लिए जनस्वास्थय विभाग के जेई बंसत को व एसडीई धर्मबीर अतिरिक्त कार्यभार को जिम्मेदारी दी गई। लेकिन उसके बाद भी कोई समाधान नही हुआ और शिकायत में बताया गया कि यह सीवर लाइन नगरपालिका की है।*

#### सीवर लाइन हमारी नहीं नगरपालिका की : जेई

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई बंसत ने बताया कि उनके पास दुकानदार कृष्ण की शिकायत आई थी। उन्होंने दुकानदार को बता दिया था कि यह सीवर लाइन बरसाती पानी की निकासी के लिए है और यह नगरपालिका की है। अब दुकानदार का समाधान नगरपालिका करेगी।

### महिला से पर्स छीनने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में महिला से पर्स छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित निवासी सिक्का कॉलोनी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह सात जून को ड्यूटी से घर आ रही थी। वह आदर्श नगर के पास पहुंची तो पीछे से स्कूटी पर आए दो लड़कों ने उसका पर्स छीन लिया। उसके अंदर मोबाइल व कुछ नकदी थी। मामले को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी सिपाही अजीत की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

आवश्यकता है

भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को सोनीपत शहर में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं



| | |
|---|---|
| आयु | : 18 से 30 वर्ष तक |
| योग्यता | : 10+2 या इससे अधिक |
| वेतन | : योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार) |
| मिलने का समय | : प्रात: 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को) |

विस्तृत बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें :-
हरिभूमि कार्यालय
बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9034240065, 9253681005